AASAAN LOANS
Unnati ki aur pehla kadam
Powered by Akme Fintrade India Ltd

**Date: 12 July 2024**

**National Stock Exchange of India Limited (NSE)**
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra, Mumbai – 400 051
**Symbol: AFIL**

**BSE Limited**
Phiroze JeejeeBhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001
**Scrip Code: 544200**

**Subject: Intimation under Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015- Newspaper Clippings of the Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Financial Year ended March 31, 2024.**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 30, Regulation 47 and other applicable provisions of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI LODR Regulations"), please find enclosed herewith the copies of Newspaper clippings of Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Financial Year ended March 31, 2024 published in The Financial Express (English Newspaper) and Jai Rajasthan (Hindi Newspaper).

The above information is also available on the Company's website at https://aasaanloans.com/

Kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Truly,

**For Akme Fintrade (India) Limited**

Manoj Kumar Choubisa
Digitally signed by Manoj Kumar Choubisa
Date: 2024.07.12 15:01:37 +05'30'

**Manoj Kumar Choubisa**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**M. No.: A66176**

## श्रुतधर नंदी महाराज का से. 4 में प्रवेश



उदयपुर। युवा संत मुनि श्री 108 श्रुतधर नंदी महाराज ससंघ का हिरणमगरी से.4 स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर हिरण मगरी सेक्टर 4 में गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। समाज के सभी श्रावक-श्राविकाओ द्वारा मुनि श्री के बिहार में भक्ति से सहभागिता की गई। मंदिर जी में पहुंचने पर मंदिर अध्यक्ष कमल कुमार जैन एवं समस्त प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया।

इसके पश्चात संघ के सानिध्य में भव्य जलाभिषेक ,पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। संस्था के सचिव बी एल गोदावत ने बताया कि प्रतिदिन शाम 7 बजे मुनिश्री के सानिध्य में भव्य आनंद यात्रा एवं भगवान की संगीतमय आरती की जाएगी।

## इनरव्हील क्लब ने घर पर ही ऑर्गेनिक खाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

### निशुल्क वितरण के लिए तैयार की ऑर्गेनिक खाद




उदयपुर। इनरव्हील क्लब द्वारा घर पर ही कृषक महिलाओं को ऑर्गेनिक खाद बनाने का दिया प्रशिक्षण दिया गया। अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने बताया कि आज केमिकल वाली उर्वरक और उससे उगने वाले फल और सब्जियां हम इंसानों और जानवरों सभी के लिए बहुत हानिकारक है। ऐसे में बहुत जरूरी है घर पर ही ऑर्गेनिक खाद तैयार की जाए। इसको बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया बहुत कम चीजों की आवश्यकता होती है घर में ही रोजाना किचन से निकलने वाला खाद्य पदार्थों, कचरा सूखे पत्ते और छाछ इत्यादि के मिश्रण से ऑर्गेनिक खाद तैयार की जाती है। सेक्रेटरी डॉक्टर सीमा चंपावत ने बताया कि बाजार में मिलने वाली केमिकल उर्वरक काफी महंगी होती है वही ऑर्गेनिक खाद भी बाजार में लेने जाओ तो थोड़ा महंगा ही पड़ता है जबकि घर पर ही निशुल्क रूप से यह तैयार की जा सकती है और यह हर तरीके से सही है हर जना जब अपने ही घर पर इस तरह की खाद तैयार करने लगेगा तो बिना किसी खर्चे के हम अपने घर पर ही पेड़ पौधे और फल सब्जियां निशुल्क रूप से पा सकेंगे जो कि प्रकृति की अनमोल देन है। हम सभी को इस तरह की खाद घर पर ही तैयार करनी चाहिए। यह बहुत ही इको फ्रेंडली तरीका है घर पर खाद तो तैयार होगी ही साथ ही कचरे के उत्पादन में भी काम ही आएगी।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ बैल बुद्धि अभियान चला कर कांग्रेस ने बालक बुद्धि का परिचय दिया है

**जब-जब गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। यह प्रतिद्वंद्विता चुनावों के दौरान तीखे हमलों में भी तब्दील हो जाती है। लेकिन जनता इसे सामान्य रूप में ही लेती है क्योंकि यह अपेक्षित ही है कि राजनीतिक विरोधी एक दूसरे पर हमले करेंगे ही लेकिन चिंताजनक स्थिति तब पैदा होती है जब राजनीतिक हमले शालीनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा को लांघ जाते हैं। कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर जिस तरह के हमले किये जा रहे हैं वह राजनीति में शिष्टाचार खत्म होने का संकेत तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित हो रहा है कि कांग्रेस को मोदी को लगातार तीसरी बार मिला सरकार चलाने का जनादेश नहीं भाया है।

कांग्रेस को समझना होगा कि देश का प्रधानमंत्री किसी एक दल का नेता नहीं होता बल्कि वह समस्त भारतीयों का प्रधानमंत्री होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति दुनिया में भारत का चेहरा होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से भले कितने भी वैचारिक और राजनीतिक मतभेद हों लेकिन उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही प्रधानमंत्री पर राजनीतिक हमले करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश के संवैधानिक पद का कोई अपमान नहीं हो जाये। लेकिन खेद की बात यह है कि देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली और देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री देने वाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के पद का लगातार अपमान करने में लगी हुई है।

हम आपको याद दिला दें कि जब-जब गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है। पिछला उदाहरण डॉ. मनमोहन सिंह का है। जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उनके पास सारे अधिकार ही नहीं थे।

मंत्री उनकी बात नहीं सुनते थे और सारे बड़े फैसले सोनिया गांधी करती थीं। इसके बाद जबसे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तबसे कांग्रेस ने उनके खिलाफ निचले और निजी स्तर पर हमले करने का अभियान चलाया। मोदी पर कांग्रेस के हमलों का जवाब जनता चुनावों में देती रही लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सीटें क्या घटीं, कांग्रेस के हमले और निचले स्तर पर चले गये हैं। हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बैल बुद्धि' करार देते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता आगे बढ़ा रहे हैं। भले कांग्रेस ने यह अभियान प्रधानमंत्री की ओर से राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताये जाने के जवाब में चलाया हो लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है। संभव है कि कांग्रेस के 'बैल बुद्धि' अभियान के जवाब में भाजपा भी कोई अभियान शुरू करे।

लेकिन सवाल यह है कि इस सबसे क्या हासिल होगा? संभव है कि सोशल मीडिया पर ऐसे अभियानों को ज्यादा लाइक्स और रिपोस्ट मिल जायें लेकिन क्या ऐसे ही अभियानों से लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। आज के नेताओं को अपने पूर्ववर्तियों से सबक लेना चाहिए जिन्होंने तमाम मतभेदों के बावजूद एक दूसरे के खिलाफ निजी हमले कभी नहीं किये और लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखा। बहरहाल, प्रधानमंत्री के खिलाफ बैल बुद्धि अभियान चला कर कांग्रेस ने वाकई बालक बुद्धि का परिचय दिया है।

## रोटरी क्लब सूर्या ने फतहसागर पर किया पौधा वितरण कार्यक्रम



उदयपुर, 11 जुलाई (नसं)। रोटरी क्लब सूर्या द्वारा आज प्रात: फतह सागर पाल पर प्रात: भ्रमण को आने वाले शहर के गणमान्य नागरिकों को वृक्ष लगाओ अभियान के अन्तर्गत विभिन्न पौधों का वितरण किया गया।

क्लब अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट पुनीत सक्सेना,क्लब ट्रेनर निधि सक्सेना के साथ कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र अग्रवाल एवं जयश्री बेंजामिन ने विभिन्न फलों एवं फूलों के लगभग 150 से अधिक किस्म के पौधे वितरित किये। जिनमें आम, बादाम, जामुन ,पपीता ,चंपा, कनेर, रातरानी इत्यादि प्रमुख रहे। इस अवसर पर क्लब के सदस्य चेतन शर्मा,अनिका भसीन, करण भसीन,उमेश शर्मा, सुनीता शर्मा, धीरज जोशी, देवेंद्र पुंजावत ने भी पौधा वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव शाहिद हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त दिया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 को

उदयपुर 11 जुलाई। जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 जुलाई की सुबह 11 से 2 बजे तक जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राजस्थान संपर्क आईटी केंद्र में आयोजित होगी। जनसुनवाई में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को तय समयावधि में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व सीएम हेल्पलाइन 181 पर अपने विभाग से संबंधित परिवादों की प्रगति के साथ जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### श्री महाकाल कावड यात्रा की तैयारियां प्रारंभ

## भगवान श्री महाकालेश्वर की 12वीं कावड यात्रा 8 अगस्त को

उदयपुर ।11 जुलाई (नसं)। भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर के पाटोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कावड यात्रा के भव्य आयोजन हेतु एक बैठक स्थानीय लोढा कॉम्पलेक्स पर आयोजित की गई है।

इस अवसर पर कावड यात्रा समिति के अध्यक्ष के.के.शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर के पाटोत्सव दिनांक 8 अगस्त, 2024, गुरूवार के अवसर पर श्री महाकालेश्वर कावड यात्रा समिति द्वारा भगवान महाकाल की शोभायात्रा के साथ भव्य विशाल कावड यात्रा गंगाजी के चैथे पाये गंगोदभव, आयड से निकाली जावेंगी । इस हेतु तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। कावड यात्रा का मार्ग हर वर्ष की भांति गंगोद्भव आयड से आयड पुलिया, अशोक नगर रोड, माताजी मंदिर से शक्ति नगर, टाउनहॉल, सुरजपोल चैराहा, अस्थल मंदिर, मुखर्जी चैक, बडा बाजार, घंटाघर, जगदीश चैक, चांदपोल पुलिया से अम्बापोल, अम्बामाता मंदिरं, आयुर्वेद चैराहा से श्री महाकाल मंदिर पहुंचेगी ।

इस अवसर पर बैठक में अर्जुनलाल धाभाई, लक्ष्मीकान्त जोशी, भंवर चैधरी, मगन जोशी, हिम्मतलाल नागदा, भैरूलाल गायरी, शुभम पूर्बिया सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# उदयपुर के सीए विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**सीए इंटरमीडियट और सीए फाइनल मई 2024 का परिणाम घोषित**

उदयपुर, 11 जुलाई। द इन्स्टीटयूट् ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इंडिया के द्वारा सीए इंटरमीडियट और सीए फाइनल मई 2024 का परिणाम घोषित किया गया। सीए परिणाम में मिली विधार्थियों को अद्बभूतपूर्ण सफलता।

उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने उदयपुर केन्द्रो का परिणाम घोषणा करते हुए बताया कि सीए फाइनल में ऑल इंडिया रिजल्ट दोनों ग्रुप में 19.88 प्रतिशत, प्रथम ग्रुप 27.35 प्रतिशत और द्वितीय ग्रुप में 36.35 प्रतिशत रहा। उदयपुर से सीए फाइनल में कुल 567 विधार्थी बैठे, जिसमें से 211 विद्यार्थी पास हुये। 39 विद्यार्थी दोनों ग्रुप, 79 विद्यार्थी प्रथम ग्रुप व 93 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में पास हुए।

उदयपुर जिले से फाइनल में टॉपर में लवनेश जैन प्रथम स्थान, कुणाल मेहता द्वितीय स्थान, निशी गांग तृतीय स्थान, कृतिका भटनागर चतुर्थ स्थान और ऐश्वर्या नागदा पांचवे स्थान पर रहे।

इसी तरह इंटरमीडियट का ऑल इंडिया रिजल्ट दोनों ग्रुप में 18.42 प्रतिशत, प्रथम ग्रुप 27.15 प्रतिशत और द्वितीय ग्रुप में 18.28 प्रतिशत रहा।

उदयपुर में इंटरमीडियट में कुल 479 विधार्थी बैठे, जिसमें से 201 विद्यार्थी पास हुए, 99 विद्यार्थी दोनों ग्रुप, 87 विद्यार्थी प्रथम ग्रुप व 15 विधार्थी द्वितीय ग्रुप में पास हुए। उदयपुर जिले से इंटरमीडियट में टॉपर में जान्हवी मेहता प्रथम स्थान, हातिम अली मेहमुदा द्वितीय स्थान तीथी बोहरा तृतीय स्थान पर।

दक्ष लोढा चतुर्थ स्थान पर और मौलिक मेहता पांचवे स्थान पर रहे। सीकासा अध्यक्ष सीए हितेश भदादा और शाखा सचिव सीए प्रतिभा जैन ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा में उतीर्ण होने की बधाई दी।

## अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध



उदयपुर, 11 जुलाई (निसं)। आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं। इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, हम आपके लिए और भी फ ायदे लेकर आए हैं। अब आपके वाई-फाई प्लान में ही टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। एयरटेल वाई-फाई के साथ आपको 22 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म और 350 से ज्यादा टीवी चैनल मिलेंगे। इसके अलावा, आपके प्रति आभार व्यक्त करने के लिएए अब जब भी आप कोई नई एयरटेल सर्विस लेंगे - मोबाइलए कंटेंट या वाई -फाई, तो हम आपको आपके बेसिक प्लान पर अतिरिक्त फायदे देंगे।

**Akme Fintrade (India) Limited**

CIN: U67120RJ1996PLC011509

Registered Office: Akme Business Centre (abc),4-5 Subcity Centre Savina Circle, Opp. Krishi Upaz Mandi Udaipur RJ 313002 IN, E mail: cs@aasaanloans.com, Contact No 0294-2489501

**EXTRACTS OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FORTHE QUARTER/YEAR ENDED MARCH 31, 2024 AS PER IND AS (DIVISION III)**

(INR In Lacs)

| | Particulars | Quarter Ended | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31 March, 2024 (Audited) | 31 March, 2023 (Audited) | 31 March, 2024 (Audited) | 31 March, 2023 (Audited) |
| 1 | Total Income From Operations | 2005.433 | 2121.025 | 7350.119 | 6956.825 |
| 2 | Net Profit/( loss)for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 859.459 | 750.541 | 2375.631 | 1876.916 |
| 3 | Net Profit/( loss)for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 859.459 | 750.541 | 2375.631 | 1876.916 |
| 4 | Net Profit/( loss)for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 628.235 | 561.427 | 1852.917 | 1451.856 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (comprising profit/loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax) | 629.678 | 585.837 | 1852.839 | 1483.916 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital ( face value Rs. 10/- each) | 3167.500 | 3167.500 | 3167.500 | 3167.500 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) | 19156.372 | 17303.533 | 19156.372 | 17303.533 |
| 8 | Net Worth | 22323.871 | 20471.033 | 22323.871 | 20471.033 |
| 9 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 20478.246 | 17776.307 | 20478.246 | 17776.307 |
| 10 | Outstanding Redeemable Preference Shares * | NIL | NIL | NIL | NIL |
| 11 | Debt Equity Ratio * | 0.920 | 0.870 | 0.920 | 0.870 |
| 12 | Earnings Per Share (face Value of Rs. 10/- each ) | | | | |
| | i) Basic EPS | 1.98 | 2.17 | 5.85 | 5.38 |
| | ii) Diluted EPS | 1.98 | 2.17 | 5.85 | 5.38 |
| 13 | Capital Redemption Reserve * | NA | NA | NA | NA |
| 14 | Debenture Redemption Reserve * | NA | NA | NA | NA |
| 15 | Debt Service Coverage Ratio * | NA | NA | NA | NA |

Note: a) The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the quarter/yearendedMarch31, 2024as per IND AS NBFC (Division III) filed with BSE Limited and NSE Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Audited Financial Results for the quarter/year ended March, 31, 2024as per IND AS NBFC (Division III) is available on the website of BSE Limited at www.bseindia.com,, NSE Limited https://www.nseindia.com/and Company's website at https://aasaanloans.com/

b) The abovefinancial results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their meeting held on 11.07.2024

c) The impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) inaccounting policies shall be disclosed by means of a footnote.

d) Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.

Date: 11.07.2024
Place: Udaipur

For, Akme Fintrade (India) Limited
Sd/-
Nirmal Kumar Jain
Chairman & Managing Director (DIN : 00240441)

**कार्यालय नगर निगम उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :- HA/CN/24-25/1160 दिनांक :- 08/07/2024

**निविदा सूचना**

नगर निगम उदयपुर क्षैत्र में उत्पाती बन्दरो व लंगूर पकडने के कार्य हेतु संवेदको/ इच्छुक व्यक्तियों से वार्षिक दर संविदा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण नगर निगम उदयपुर की वेबसाईट www.udaipurmc.org एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा की अनुमानित 4.00 लाख, निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभ दिनांक 11.07.2024 अंतिम दिनांक 19.07.2024 व खोलने की दिनांक 19.07.2024 है।

UBN No.: UNP2425SSRC00032

राज.संवाद/सी/24/2105

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

## तन की शुद्धि, मन की शुद्धि, आत्मा की शुद्धि पर कार्यशाला का आयोजन

### रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा का आयोजन, - सात्विक भोजन एवं दिनचर्या पर किया मंथन



उदयपुर, 11 जुलाई (नसं)। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की ओर से गुरुवार को 100 फीट रोड स्थित शुद्धि विला सभागार में ''भोजन ही दवा है'' मिट्टी, पानी, धूप हवा सब रोगों की यही दवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोटरी मीरा अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की ओर से तन की शुद्धि, मन की शुद्धि, आत्मा की शुद्धि सहित कई विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सोगानी ने बताया कि यह कार्यशाला महिने में दो दिन पूरे वर्षभर में 24 कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी प्रकार की थेरेपी के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रेखा सोनी एवं सचिव नीलम दूबे ने बताया कि कार्यक्रम में भोजन ही दवा है, और हर असाध्य बीमारी को भोजन के द्वारा ठीक करने की प्रेरणा दी गई।

ज्यूस कैसे फायदा करता है और कितना नुकसान है इस पर जानकारी दी गई। साथ ही सात्विक भोजन के बारे में जानकारी दी कि हमे किस प्रकार का भोजन करना चाहिए जिससे हमारे शरीर में नुकसान न होकर फायदा हो। डॉ. रेखा सोनी ने कहां कि हर घर में एक डॉक्टर हो जो अपने परिवार एवं कम्युनिटी को स्वस्थ्य रखने में योगदान दे। उन्होनें बताया कि हर सेशन में दो लक्की ड्रॉ निकाले जाएंगे। जिन्हे तीन दिन का शोभागपुरा स्थित शुद्धि विला का नि:शुल्क पैकेज मिलेगा। पहली कार्यशाला में कविता बल्दवा एवं मीरा मजमूदार लक्की विजेता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सदस्यों के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत उद्बोधन अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने दिया। धन्यवाद सचिव नीलम दूबे ने ज्ञापित किया। इस अवसर पूर्व अध्यक्षा विजयलक्ष्मी गलूंडिया, मीरा मजूमदार, वीना सनाढ्य, कविता बल्दवा, कविता श्रीवास्तव, कुसुम माथुर, कुसुम मेहता, डॉ. मधु सरिन, डॉ. विमला धाकड़, स्नेहा शर्मा, उर्मिला जैन, हर्षा कुमावत, मोनिका सिंघटवाडिया आदि मौजूद रहे।

## हाउस ऑफ तिलोई की उदयपुर में चिकनकारी प्रदर्शनी 'समहिता' 13 से

उदयपुर, 11 जुलाई (नसं)। हाऊस ऑफ तिलोई की ओर से उदयपुर में 13 से 15 जुलाई तक चिकनकारी प्रदर्शनी 'समहिता' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का आयोजन 13 और 14 जुलाई को 'द उदय एलीट' में और 15 जुलाई को 'एसआर हाउस' में किया जाएगा।

लखनऊ की चिकनकारी को पसंद करने वालों के लिए यह प्रदर्शनी काफी खास होने वाली है। यहां एक ही छत के नीचे जब सूती, चंदेरी, शुद्ध और मलमल रेशम जैसे कपड़ों पर हाथ से की गई चिकनकारी का हुनर लोगों के सामने आएगा तो वह नाजारा ही कुछ अलग होने वाला है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, 'समहिता' का मतलब होता है मिश्रण या मेल। कपड़े हमारी भारतीय इतिहास और संस्कृति को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह ब्रांड कुमारी ऐश्वर्या लक्ष्मी सिंह द्वारा स्थापित किया गया है, जो तिलोई की राजकुमारी हैं। हाउस ऑफ तिलोई का उद्गम लखनऊ, उत्तरप्रदेश से है। हमारे लिए लखनऊ की पारंपरिक और विशिष्ट चिकनकारी को प्रदर्शित करना अनिवार्य है क्योंकि हमारे कारीगर कपड़ों पर विभिन्न पुष्प, पशु, मुगल और बेल-बूटों के डिजाइन करते हैं, जो इसे विश्वभर में हो रही चिकनकारी से अलग करते हैं।

# महिलाओं एवं गृहणियों को खूब रास आ रहा है मेला



उदयपुर, 11 जुलाई (नसं)। जोधाणा पब्लिसिटी की ओर से शहर के बी एन कॉलेज ग्राउंड में 29 जून से प्रारंभ हुआ मेला खुशनुमा मौसम के साथ लोगों को खूब भा रहा है। शाम 4 बजे बाद तो मेला अपने पूरे यौवन पर आ जाता है। यह मेला महिलाओं-गृहणियों के बीच तो खासा लोकप्रिय हो चुका है। अब तक हजारों महिलाएं- गृहणियां इस मेले से विभिन्न उत्पाद खरीद कर ले जा चुकी है।

जोधाणा पब्लिसिटी के दिनेश गौड़ ने बताया कि महिलाओं को आर्टिफिशियल ज्वेलरी, परफ्यूम खूब पसन्द आ रहे हैं। मेले में विभिन्न उत्पादों के साथ भारत के सभी हिस्सों से हस्तशिल्पी अपने द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद लेकर मेले में पहुंचे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों के ख्याति प्राप्त हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का सुनहरा मौका शहर वासियों किफायती दामों में उपलब्ध हो रहा है। शॉपिंग के इस महाकुंभ में झूलों की विशाल रेंज सहित मनोरंजन ,शॉपिंग जोन, फूड जोन का भी बुधवार शहर वासी भरपूर उठा रहे हैं। मेले में परिवार सहित खरीदारी के साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद लेने का मौका मिल रहा है। इधर फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का स्वाद भी मेलार्थियों को मिल रहा है। राजस्थान सहित कई राज्यों के व्यापारी भी अपने यहां के खास उत्पाद मेले में बिक्री के लिए लाए हैं जो कि शहरवासियों को काफी पसंद आ रहे हैं। फर्नीचर हैंडलूम कपड़े वे ज्वेलरी सहित कई स्टॉल्स मेले में लग चुकी है। उन्होंने बताया कि फर्नीचर, किचन वेयर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, परफ्यूम, क्रोकरी, फैशन, फिटनेस ,कंप्यूटर, शूज, कालीन ,पर्दे, खिलौने, गद्दे, सोफे, चद्दरें ,कारपेट, पानीपत का हैंडलूम,टेराकोटा के डेकोरेटिव आइटम ,साज सज्जा का पूरा सामान, खुर्जा क्राकरी और मेलामेट का क्रोकरी सहित कई स्टाल लगाई गई है साथ ही कपड़े, कॉस्मेटिक ,पर्स, साड़ी, अचार मुरब्बे आदि सामान की भी स्टॉल्स, उपयोगी सामान उचित मूल्य पर उपलब्धहो रहा है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए खास आसमान छूते झूले, मनोरंजन व आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

गौड़ ने बताया कि सबसे बड़ी बात यह है कि एक ही छत के नीचे परिवार में घर में काम आने वाली हर वस्तु यहां पर उपलब्ध हो रही हैं। हर मेलार्थी को यहां के उत्पाद खूब पसंद आ रहे हैं इसके साथ ही मेले में अंडरवाटर फिश टनल का आकर्षण तो गजब ही ढा रहा है। कपड़े हों या चश्में हो युवाओं की पसन्द का हर सामाना यहां पर आसानी से उपलब्ध हो रहा है। गौड़ ने बताया कि अभी भीषण गर्मी का दौर खत्म होने और मौसम के सुहाने होने का फायदा भी मेले को मिल रहा है। मेला स्थल बी.एन. कॉलेज ग्राउण्ड में लगर रहा है इसलिए यहां पर लोगों को आसानी से वाहन भी उपलब्ध हो रहे हैं। लोग टेम्पो या सिटी बसों में सवार होकर भी आ रहे हैं जो कि सीधे ही मेला स्थल के बाहर उतर कर मेले में आ रहे हैं। मेले की सबसे बड़ी बात यह है कि एक ही छत के नीचे परिवार में घर में काम आने वाली हर वस्तु यहां पर उपलब्ध हो रही हैं। हर मेलार्थी को यहां के उत्पाद खूब पसंद आ रहे हैं। मेले में अंडरवाटर फिश टनल का आकर्षण तो गजब ही ढा रहा है। उदयपुर में पहली बार अंडरवाटर फिश टनल देखना लोगों में किसी आसश्चर्य से कम नहीं हो रहा है। लोग अपने परिवार और मित्रो के साथ देखने आ रहे हैं।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन उदयपुर ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए दिया ज्ञापन



उदयपुर 11 जुलाई (नसं)। विश्वव जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन उदयपुर ने जिला कलेक्टर उदयपुर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया जिसमे देश के प्रधानमंत्री से मांग की गई की प्रधानमंत्री जी समय निकला जा रहा है अंधाधुंध संतानोत्पति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर इस जनसंख्या विस्फोट एवम जन सांखियकिय असंतुलन की समस्या पर कुशल एवम प्रभावी नियंत्रण के लिए देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को जल्द से जल्द लागू करना चाहिए।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन राजस्थान की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा सुनीता मांडावत, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नरपतसिंह आसोलिया के निर्देशन में फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सीताराम डांगी, महिला विंग की जिला अध्यक्ष डा. सोनिका जैन के नेतृत्व में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन उदयपुर के पधाधिकारी कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन में बताया की यह एक ज्वलंत समस्या है जिसके समाधान पर ही देश की प्रगति निर्भर है।

संभागीय मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल ने बताया की इस अवसर पर फाउंडेशन के जिला सयोजक प्रकाश प्रजापत, विजय गोधा, महासचिव मोहन डांगी, मोहनसिंह राठौड़, विष्णु प्रजापत, श्रीमती तुलसी नागदा,देवीसिंह राठौड़, सुरेश सुथार, दिनेश शर्मा, छगन सुथार, रंजना चौहान,गुमानसिंह देवड़ा,कुसुम पंवार, लज्जा रामेज़ा,जिज्ञासा भारद्वाज, के साथ ही जनसंख्या समाधान फाउंडेशन उदयपुर के कार्यकर्ता उपस्थित थे